# इन्वेस्ट इंडिया योजना को लागू करें

**राज्य मुख्यालय।** यूपी सरकार ने राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम तेज कर दिया है। इस संबंध में इन्वेस्ट इंडिया ने भविष्य का रोडमैप बताने का काम मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को पाने के लिए अल्प व दीर्घकालीन योजनाएं बनाई जाएं। अधिकारी इस कार्ययोजना को लागू करने में इन्वेस्ट इंडिया का सहयोग करें। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि 'इन्वेस्ट इण्डिया' उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। वित्त पोषण योजना की समीक्षा बैठक में सीएम ने कहा कि कर्ज लेकर पूंजी लगाने वालों को बाजार से जोड़ा जाए।

# रोटरी इंटरनेशनल की पहल से मदद मिलेगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रोटरी इण्टरनेशनल के अध्यक्ष शेखर मेहता ने मुलाकात की। रोटरी इण्टरनेशनल द्वारा शिक्षा, चिकित्सा व स्वास्थ्य क्षेत्रों में कार्य करने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से प्रदेश की चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य क्षेत्रों में मदद मिलेगी।